५. हिस्ट्री आफ फिलासफी ईस्टर्न एण्ड वेस्टर्न, प्रथम संस्करण, पृ० २२८।
६. वही, पृ० २६७।

उत्तर-मीमांसा की शांकर व्याख्यानुसार "पर-ब्रह्म को जब संसार का निर्माता और नियंता मान लिया जाता है, तो वह सगुण ब्रह्म अथवा वैयक्तिक ईश्वर कहलाता है। ब्रह्म के दोनों रूप (निर्गुण और सगुण) मान्य हैं। सगुण ब्रह्म अथवा ईश्वर चिदात्मा है, समूची विषयगत सामग्री का योग है।"[१] जीवों तथा सृष्टि के सृजन की व्याख्या के लिए शंकर ने 'माया' नामक सत्ता को स्वीकार किया है तथा उसे सत्-असत् और अनिवारणीय कहा है।

दूसरी ओर, गुरु नानक कहते हैं, "तू धन्य है, जिससे माया, संसार और ब्रह्मा का स्रवण हो रहा है, तथा समस्त प्रशंसनीय परम तत्त्वों का उदय हुआ है और हृदय में चिरानन्द की ज्योति फैल गई है।"[२] "तुम अगम्य सर्जक पुरुष हो। तुम्हीं ने अनेक वर्णावर्ण तथा भाँति-भाँति की सृष्टि की रचना की है। तुम्हीं जानते हो कि वह सब कैसा बना, क्योंकि वह सब तुम्हारा ही 'खेल' है।"[३] "स्वयं प्रभु ने ललित तत्त्वों का निर्माण किया है तथा सत्य के शरीर को अलंकृत किया है।"[४]

"तुमने ब्रह्मा, विष्णु, शिव एवं अन्य देवी-देवताओं का सृजन किया है। तुम्हारे चेतन अंश द्वारा निर्मित वस्तुएँ अपरिमित हैं। इस सबका यथार्थ मूल्यांकन तो स्वयं कर्त्ता ही कर सकता है।"[५] गुरु नानक के सिद्धान्तानुसार ईश्वर सबका मूलभूत कारण है। वास्तव में स्रष्टा ही समस्त कारणों का नियंता है, वही अपनी शक्ति द्वारा सृष्टि को सम्बल दिए हुए है।"[६]

वह निर्भय तथा शत्रुता-रहित है। स्रष्टा अपनी सृष्टि से क्योंकर डर सकता है? सब वस्तुएँ उसी के निर्देश पर चालित तथा कार्य-रत होती हैं। "उसी के भय से समीर चलता तथा हवाएँ बहती हैं। शत-सहस्र नदियां उसके भय से स्रवित होती हैं, धरती उसके भय से बोझ ढोती है, बादल भी जल का भार लिये उसी के भय से उड़ा फिरता है। सूर्य तथा चन्द्र उसी के भय से लाखों मील के अनन्त-पथ पर दौड़े चले जा रहे हैं। सिद्ध, बुद्ध तथा देवराज इन्द्र भी उसी के भय में रहते हैं। अधर का आकाश भी उसी के भय से स्थित है, शक्तिशाली तथा सबल योद्धा भी उससे डरते हैं। जीव-समूहों का संसार में आना-जाना उसी के भय के कारण होता है—सबके मस्तक पर उसके भय के

१. वही, पृ० २७६।
२. सुअसति आथि बाणी बरमाउ। सति सुहाणु सदा मनि चाउ। पउड़ी २१, जपुजी।
३. तूं करता पुरखु अंगमु है आपि स्रिसटि उपाती। रंग परंग उपारजना बहु बहु विधि भाती। तूं जाणहि जिनि उपाई ऐ सभु खेलु तुमाती। वार माझ, पउड़ी १।
४. पंच भू नाइको आपि सिरंदा जिनि सचु का पिंडु सवारिआ। सूही छंत ३.२.५।
५. राग बिलावल थित्ती ४।
६. श्लोक सहसकृति २।

लेख विद्यमान हैं । किन्तु स्वयं सत्पुरुष ही एकमात्र निर्भय है ।"[१]

सर्जक स्वयं अपने सर्जन का विद्वेषी नहीं हो सकता । "वह असंख्य युगों से सृजन करता रहा है, किन्तु किसी के प्रति शत्रु-भाव नहीं रखता । वह जन्म अथवा मृत्यु का विषय नहीं है और न ही कोई बाधा उसका मार्ग अवरुद्ध करती है ।"[२]

उसका अस्तित्व कालाधीन नहीं है । 'इन्द्रियों के लिए वह अज्ञातव्य (अलख) असीम (अपार) अगम तथा अनिश्चय (अगोचर) है ।' वह कभी मृत्यु को प्राप्त नहीं होता और न ही 'कर्म-सिद्धान्त' का विषय है । जन्म-मरण से इतर, वह निर्जातीय तथा स्वयम्भू है । उसे कोई लगाव अथवा अन्धविश्वास नहीं । मैं उस चिर-सत्य पर बलिहार हूँ जिसका कोई रूप-गुण नहीं और जो केवल सच्चे 'शबद' से ही प्राप्त होता है । वह माता-पिता, पुत्र, भाई, पत्नी और काम-भावना से परे है । किन्तु, ऐ मायातीत, तुम्हारी ही ज्योति से सर्वस्व ज्योतिर्मान् है ।"[३] "ऐसे पावन देवाधिदेव, उस प्रभु में मेरा मन अनुरक्त है, वह मृत्यु से परे अकाल पुरुष है ।"[४]

कतिपय पुरातन तथा नवीन चिन्तकों ने समूची सजीव और निर्जीव सृष्टि को जड़, चेतनाहीन पदार्थ की उत्पत्ति माना है । गुरु नानक इस मत से सहमत नहीं हैं । "उस परात्पर ब्रह्म ने ही, जो सबका 'पातशाह' है, दृश्य जगत का निर्माण किया है । वह प्रत्येक वस्तु को देखता, समझता और मनन करता है । वह अन्तर-बाहर सर्वव्याप्त है ।"[५]

ईश्वर कभी गर्भगत नहीं होता । वह अजन्मा है । उसका यही गुण अवतारवादी सिद्धान्त के विपरीत है । "उसका कोई जननी-जनक नहीं । उसे किसी ने जन्म नहीं दिया । न तो उसका कोई रूप, रेखा या गुण है, न वह किसी वर्ण-विशेष से सम्बन्धित है । उसे कोई क्षुधा-पिपासा नहीं, वह चिर-संतुष्ट है ।"[६] "नानक, जो चिर-स्थायी सत्य का मनन करता है, वह चिर-स्थायी हो जाता है, किन्तु जो लोग जन्म लेकर मृत्यु को प्राप्त करने वाले तत्त्वों का चिन्तन करते हैं वे मिथ्या पथचारी हैं ।"[७]

ईश्वर अनन्त है । "छोटी-बड़ी सब नदियां सागर में विलीन हो जाती हैं, किन्तु वे उसकी थाह नहीं पातीं । इसी प्रकार तुम्हारी प्रशंसा के गायक तुम्हारा गुणगान करते हैं, किन्तु तुम्हारी महानता का 'परिमाण' नहीं जानते ।"[८] तुम्हारे गुणों का कोई अन्त नहीं, न ही उनकी व्याख्या की कोई सीमा सम्भव

---

१. वार राग आसा, श्लोक, पउड़ी ४ ।
२. रामकली दक्खणी, ओअंकार १२ ।
३. राग सोरठ, २.६ ।
४. मारू सोलहे, ३.१.१८ ।
५. आसा, पटी १६ ।
६. वार मलार पउड़ी २२ ।
७. वार आसा ५.१, पउड़ी २ ।
८. जपुजी पउड़ी २३ ।

है। तुम्हारे कृत्यों, उपहारों तथा उनको देखने-सुनने का भी कोई अन्त नहीं। तुम्हारे मनस् की क्रियाएं अनन्त हैं। कोई तुम्हारी सृष्टि का ओर-छोर नहीं जान सकता, न ही कोई इसका अनुमान ही कर सकता है। अनेक लोग तुम्हारी सीमाओं की खोज में संघर्षरत हैं, किन्तु वे असमर्थ हैं। तुम्हारी सीमाएँ कोई नहीं पा सका। जितनी कोई व्याख्या करता है, उतना ही विस्तार बढ़ता है।"[१]

गुरुजी इस विचार की अभिव्यक्ति में बड़ी सुन्दर उपमा प्रस्तुत करते हैं। नदी में रहने वाली मछली उसके विस्तार को नहीं जान सकती, क्योंकि ऐसा करने के लिए उसे नदी से बाहर आना होगा। किन्तु वह उसकी मृत्यु है। "तुम नदी हो, और सुबुद्ध तथा दूरदर्शी होकर भी मछली रूपी मैं तुम्हारी थाह क्योंकर पा सकता हूं? जहाँ तक मेरी दृष्टि जाती है, मैं तुम्हें देखता हूं, तुमसे हटकर मेरा विघटन और मृत्यु अवश्यम्भावी है। मुझे मछेरे (मृत्यु-दूत) अथवा जाल का कोई ज्ञान नहीं। पीड़ा में मैं सदैव तुम्हारा स्मरण करता हूं। तुम सर्वव्यापक हो, परन्तु मैं तुम्हें दूर समझता हूं। तुम मेरे कृत्यों को देखते हो और मेरे कर्मों के साक्षी हो, किन्तु मैं उन्हें अस्वीकार करता हूं। न मैं तुम्हारा कार्य करता हूँ और न ही तुम्हारे नाम का महिमा-गान करता हूँ।"[२] वह सर्व-व्यापक परन्तु लोकातीत है। "तुम्हारी सहस्रों आँखें हैं, परन्तु कोई एक आँख तुम्हारी नहीं है। तुम्हारे सहस्रों आकार या रूप हैं, फिर भी तुम्हारा कोई रूप नहीं। इसी प्रकार तुम्हारे सहस्रों विमल चरण हैं, किन्तु कोई भी चरण तुम्हारा नहीं। सहस्रों नाक होते हुए भी कोई विशेष नाक तुम्हारा नहीं। तुम्हारे इसी चमत्कार ने मुझे मोहित कर लिया है।"[३] तुम्हें सम्पूर्ण प्रकृति में व्याप्त जानकर मैं बलिहार हूँ, फिर भी कोई तुम्हारी सीमाओं को नहीं जान सकता। समूची सृष्टि तुम्हारी ही ज्योति से प्रकाशवान् है, सृष्टि का अस्तित्व ही तुम्हारी ज्योति पर आधारित है, तुम अपनी 'अकल कला' से सब स्थानों में व्याप्त हो।"[४]

"अमावस की रात्रि में चन्द्र आकाश में अदृश्य रहता है। (किन्तु अदृश्य होते हुए भी हम जानते हैं कि उसका अस्तित्व बराबर बना है), इसी प्रकार 'शब्द' के चिन्तन द्वारा (ईश्वर के अस्तित्व को) जानो। ओ ज्ञानी, चन्द्र आकाश में है, किन्तु उसका प्रकाश त्रिलोक में प्रसारित है। सृष्टि के निर्माणोपरांत वह स्रष्टा ही इसका पोषण करता है। जो गुरु के माध्यम से उसे अनुभव कर लेता है, वह उसी में स्थिर हो जाता है। 'हउमै' (अहम्) में लिप्त व्यक्ति मार्ग से भटक जाता है, और आवागमन का भागी बनता है।"[५] "जल और थल में

१. जपुजी, पउड़ी २४।
२. राग सिरी २ : ३ : १.।
३. धनासरी, कीर्तन सोहिला, ३।
४. वार आसा श्लोक १, पउड़ी १२।
५. बिलावल थित्ती १६।

उसकी दीप्ति विद्यमान है। वह सर्व-पोषक और प्रकाशक तीनों लोकों में व्याप्त है। वह अपने को प्रकृति के माध्यम से व्यक्त करता है; जिस पर वह कृपा करता है, उसका उद्धार हो जाता है। 'शबद' द्वारा वह उसको निर्मल बनाता एवं निरन्तर उसपर कृपा-वर्षन करता है। (कृपा-पात्र) जीव उस परम के रहस्यों को जानता तथा उसके स्रष्टा और अनुकूल उपास्य होने का ज्ञान रखता है।"[१]

## २. सृष्टि-रचना

सृष्टि-निर्माण की व्याख्या हेतु कतिपय भारतीय विचारकों ने प्रकृति अथवा माया की कल्पना कर ली है। गुरु जी ऐसा कोई अनुमान स्वीकार नहीं करते। "उसकी आज्ञा (हुक्म)[२] से ही समस्त रूप-आकार अस्तित्व में आते हैं, किन्तु हुक्म अनिर्वचनीय है। संसार में जीवों का आगमन उसी की आज्ञा से होता है और उसी से उनमें उत्कृष्टता जागृत होती है।"[३] गुरुजी के मतानुसार वर्तमान विश्व के विकास से पूर्व यहाँ अपरिमित शून्य था। "असंख्य युगों तक वहाँ पूर्ण अंधकार था। स्वयं परम नियंता के अतिरिक्त कोई स्वर्ग या नरक नहीं था। न सूर्य था, न चन्द्र; रात और दिन भी न थे...अपनी प्रसन्नता से उसने विश्व की रचना की और विना किसी सम्बल के उसने गगन को अधर में स्थिर कर दिया। उसने ब्रह्मा, विष्णु और शिव की सृष्टि की तथा सांसारिक संभ्रान्तियों के प्रति मोह जागृत किया (माइआ मोहु वधाइदा)। कोई विरल जीव ही गुरु-शब्द श्रवण करता तथा इस तथ्य का ज्ञान प्राप्त करता है कि समूचे विश्व का निर्माण तथा पोषण उसके हुक्म पर ही आश्रित है।"[४]

गुरु मतानुसार, वह ऐसा कैसे हो सका, यह हमारी बुद्धि से परे का विषय है। "सृष्टि का सर्जक स्वयं ही इसके 'क्यों और कैसे' को जानता है, कोई अन्य इसकी व्याख्या नहीं कर सकता।"[५] "केवल तुम ही जानते हो कि तुमने इसका (विश्व का) प्रवर्त्तन कैसे किया, यह सब तुम्हारा ही खेल है।"[६] यह विश्व कब बना, यह भी ज्ञातव्य नहीं?

"संसार किस युग में अस्तित्व में आया, वह कौन-सा समय था, चन्द्र अथवा सूर्य पक्ष में कौन-सा दिन था, कौन-सी ऋतु या महीना था; पण्डित लोग उस युग से अभिज्ञ नहीं, अन्यथा पुराणों में इसका वर्णन हुआ होता! काज़ी भी

---

१. रामकली दक्खणी, ओअंकार ८।

२. 'हुकम' फारसी शब्द है, जिसके अनेक अर्थ निर्दिष्ट हैं—स्वेच्छा, विधान. नियम, आज्ञा आदि।

३. 'हुकमी' होवनि आकार हुकमुन कहिआ जाई। हुकमी होवनि जीअ हुकमि मिलै वडिआई। पउड़ी २, जपुजी।

४. मारू सोलहे १६.३,१५।

५. वडहंस अलाहणिया १:४।

६. वार माझ पउड़ी १।

इससे अपरिचित हैं, अन्यथा कुर्आन में इसका उद्धरण मिल जाता। योगी भी चन्द्र अथवा सूर्य-पक्षी दिन का ज्ञान नहीं रखते। किसी को भी ऋतु या महीना ज्ञात नहीं। केवल रचयिता ही, जिसने विश्व की रचना की है, ये सब बातें जानता है।"[१]

उसके सृजन की सीमाएँ भी अज्ञात हैं। "आकाश पर लाखों आकाश, तथा पाताल से परे लाखों पाताल हैं; वेद भी अन्ततः इसकी गहनता को जानने में असमर्थ रहे हैं, कुर्आन आदि सभी पुस्तकें, जो अठारह हज़ार लोकों की चर्चा करती हैं, दावा करती हैं कि 'यदि सम्भव हुआ तो हम मूल सत्य द्वारा प्रवर्त्तित प्रत्येक वस्तु का विवरण देंगे', किन्तु विवरण लिखते-लिखते ही जीवन की लघु कालावधि समाप्त हो जाती है।"[२]

यह संसार स्वप्न अथवा मरीचिका नहीं। "तुम्हारी सब विधियाँ-पद्धतियाँ सत्य हैं, तुम्हारे बनाए लोक भी सत्य हैं। तुम्हारे विभिन्न विश्व तथा निर्मित विषय सत्य हैं। तुम्हारे कार्य एवं प्रत्यय सत्य हैं...ऐ चिर-सत्य सम्राट् तुम्हारी प्रकृति ही सत्य है।"[३] परन्तु कभी-कभी 'गुरु ग्रंथ' में हमें ऐसे पद भी मिल जाते हैं, जिनमें विश्व को 'धूम-पर्वत' तथा 'स्वप्न' कहा गया है। हाँ, किन्तु ऐसे कथनों का अर्थ यह है कि हमारा दृश्य जगत परिवर्तन-शील है; यह चिर-स्थायी नहीं, जैसाकि हम इसे समझते हैं। संसार यथार्थ है, किन्तु निरन्तर परिवर्तित हो रहा है। विगलन तथा मृत्यु इसमें अन्तर्निहित हैं। उस दृष्टि से यह एक चलता हुआ दृश्य है।

एक पद में गुरु नानक ने सृजन की प्रकिया का चित्रण किया है। "परम-सत्य में से पवन और पवन से जल की उत्पत्ति हुई। जल से तीनों लोकों का निर्माण किया गया। घर-घर में उसकी ज्योति व्याप्त है, किन्तु इस सम्पर्क के कारण विशुद्धता अशुद्धता को आत्मसात् नहीं करती। 'शबद' में आसक्ति द्वारा ही जीव सम्मान पाता है।"[४]

यह सृष्टि क्यों रची गई, इस प्रश्न के अनेक उत्तर सुझाए गए हैं। कपिल मुनि का कथन है कि प्रकृति इसलिए यह सब काण्ड रचती है ताकि पुरुष अपनी यथार्थ सत्ता को पहचान ले, और आवागमन-चक्र में निबद्ध करने वाले अज्ञानान्धकार को छिन्न कर कैवल्य स्थिति को प्राप्त कर सके।

गुरु नानक इस धरती को 'धरमसाल' कहकर पुकारते हैं, अर्थात् एक ऐसी पाठशाला जहाँ धर्म की शिक्षा उपलब्ध होती है। 'सिद्ध गोष्ठी' में वे कहते हैं, "गुरमुखों (ईश्वर-प्रेमियों) की उत्क्रान्ति के लिए ही परम सत्य ने धरती रची,

---

१. जपुजी पउड़ी २३।
२. जपुजी पउड़ी २२।
३. वार आसा श्लोक १, पउड़ी २।
४. सिरी राग ३ : १५।

जन्म और मृत्यु तो उसके खेल हैं।"[1] एक अन्य पद में भी उन्होंने यही विचार अभिव्यक्त किया है। साधु-सन्तों के लिए ही ईश्वर विश्व को सुरक्षित रखे हुए है। वे (साधु-सन्त) अपने को पहचानते तथा सत्य का चिन्तन करते हैं। ईश्वरीय सत्य और प्रेम उनके पावन हृदय में निवसित हैं। नानक कहते हैं कि वे ऐसे (साधु-सन्त) के दास हैं।"[2] वे इस विश्व को 'संघर्ष-क्षेत्र' के सदृश भी मानते हैं। "उसने स्वयं इस संघर्ष-क्षेत्र का निर्माण किया है। पाँच विकारों[3] ने खूब ढोल-धमाके के साथ इसमें प्रवेश किया है। गुरुमुख (उन्हें दलित कर) आनन्द मनाते हैं। परन्तु मूर्ख, गँवार मनमुख उनके सम्मुख पराजित हो जाते हैं।"[4] अस्तु:, आत्मा का विकास ही सृष्टि का उद्देश्य बताया गया है।

## ३. मानवात्मा और इसका स्वरूप

संसार के लगभग सभी धर्म आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार करते हैं। तथापि आत्मा के स्वरूप सम्बन्धी प्रश्न पर वे अपने-अपने विश्वासानुसार दो वर्गों में बँट सकते हैं। एक वर्ग का विश्वास है कि ईश्वर ने विभिन्न स्वभावों की आत्माओं की रचना की, तथा वे ईश्वरीय अनुज्ञा से मिट्टी से सर्जित शरीरों में प्रवेश कर गईं। जन्म से मृत्यु तक आत्मा में कोई परिवर्तन नहीं आता। आत्माओं के पथ-प्रदर्शन के लिए ईश्वर ने अपने दूतों एवं पैगम्बरों के माध्यम से आदेश भी प्रस्तुत किए हैं। प्रदत्त आदेशों की परिभाषानुसार उत्तम कार्य करने वाले जीवों को, शरीर के विसर्जन हो जाने पर, स्वर्ग अथवा बहिश्त प्राप्त होगा, जहाँ वे विभिन्न प्रकार का आनन्दास्वादन करेंगे। निकृष्ट कर्म करने वाले लोगों की आत्माओं को पाताल अथवा कुएँ में फेंक दिया जायगा; वहाँ उन्हें कष्टकर दण्ड भोगना होगा। इस प्रकार का विश्वास रखने वाले धर्मों में प्रायः स्वर्ग की व्याख्या एक ऐसे स्थान के रूप में की गई है, जहाँ उत्तम कृत्य करने वाले जीव दीर्घवर्षीय आनन्द का लाभ पाते हैं, और कुआँ एक ऐसा स्थान है, जहाँ बुरी आत्माएँ नित्य उत्पीड़न सहन करती हैं।

दूसरे वर्ग में लगभग वे सब धर्म आते हैं, जिनका उदय भारतवर्ष की धरती पर हुआ है। इस वर्ग के मतानुसार समस्त आत्माएँ सार रूप में समान हैं, विभिन्न सम्पर्कों में वे अलग-अलग स्वभाव का विकास करती हैं। मनुष्य जिस विन्दु पर विचार करता है, जिस भी शब्द का उच्चारण करता है या जो भी कार्य करता है, वे सब उसके मन पर प्रतिविम्ब बनाते हैं। जब ये विचार, शब्द तथा कार्य पुनः-पुनः आवृत्त होते हैं, प्रतिबिम्ब गहरा जाते तथा अन्ततो-

---

१. रामकली सि० गो० ३०।
२. गउड़ी अष्ट, ६ : ८।
३. काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार।
४. वार मलार, पउड़ी ४।

गत्वा स्वभाव में परिवर्तित हो जाते हैं। इन स्वभावों से प्रकृति निर्मित होती है तथा उसका मानसिक धरातल उन विचारों, शब्दों और कृत्यों के परिणाम स्वरूप दिन-प्रति-दिन परिवर्तित होता चलता है। जब बाह्य वातावरण की तरंगें हमारे मानसिक संयन्त्र से टकराती हैं, तो परिणामतः उदित होने वाली प्रतिक्रिया ही पीड़ा और आनन्द का कारण बनती है। इसे एक उदाहरण द्वारा चित्रित किया जा सकता है। मैं दूर से एक व्यक्ति को आते देखता हूं। जब तक मैं उसे पहचान नहीं लेता, मेरा मन निर्विकार रहता है। किन्तु जब वह निकट आ जाता है और मैं उसे मित्र अथवा शत्रु रूप में पहचान लेता हूं, तो उसके प्रति मेरे मन में क्रमशः प्रसन्नता या घृणा उत्पन्न होने लगती है। यदि कोई व्यक्ति बाहरी छायाओं से उदित मानसिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित कर सकता, अथवा दूसरे शब्दों में, मन को संयमित कर सकता हो, तो उसके जीवन से दुःख एवं अवसाद का अन्त होता है, क्योंकि घृणा, क्रोध एवं द्वेष की धारणाओं से ही दुःख पनपता है। असन्तुष्ट वाञ्छाएं भी अवसाद का कारण बनती हैं। जब इन तथा अन्य सम्बद्ध प्रदोषों को मन से विसर्जित कर दिया जाता है, आत्मा इन त्रुटियों से मुक्त हो जाती है तो परिणामतः शान्त और उल्लसित जीवन उपलब्ध होता है। अतः, इस वर्ग के विचारक यह नहीं सिखाते कि कोई बाह्य माध्यम अथवा यमदूत मानवात्मा को स्वर्ग या नरक में ले जायँगे। उनका आग्रह है कि स्वर्ग या नरक आत्मा की मानसिक स्थितियाँ मात्र हैं, और मनुष्य को स्वर्गादि के लिए मृत्यु तक प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं। वह जीवन्मुक्ति अर्थात् इस संसार में रहते-रहते ही मुक्ति लाभ कर सकता है।

गुरु नानक ने जपुजी में अध्यात्म-विकास के विभिन्न खण्डों—धर्म-खण्ड, ज्ञान-खण्ड, सरम (श्रम)-खण्ड, करम-खण्ड तथा सच-खण्ड—की व्याख्या करते हुए ठीक यही बात कही है। शरीरांत के साथ आत्मा का अस्तित्व नष्ट नहीं हो जाता। "आत्मा मरती नहीं, न ही तैरती या डूबती है। अपने अतीत के संस्कारों से प्रभावित वह निजी सामर्थ्यानुसार कर्म करती तथा ईश्वरेच्छा से (संसार में) आती और जाती है। यहाँ जगत में तथा इसके उपरांत जगतेतर स्थितियों में उसकी इच्छा ही सर्वोपरि है।"[1]

पवन, जल, अग्नि, पृथ्वी और आकाश आदि पंच-तत्त्वों के संगम से शरीर निर्मित होता है, और यह स्थिर एवं अस्थिर बुद्धि की क्रीड़ा-स्थली होता है। इसके नौ (बाहरी) द्वार हैं,[2] दशम द्वार (आन्तरिक)[3] है, ज्ञानवादी भली-भान्ति

१. गउड़ी २ : २।
२. दो कान, दो आंखें, दो नासिका-छिद्र, मुँह तथा नीचे के दोनों मल-विसर्जक अंग—ये नौ द्वार हैं।
३. अन्तर्बोध का।

इस रहस्य को जानता है। आत्म-चिन्तन करने वाला जीव ज्ञानी बनता है, तथा जान लेता है कि आत्मा ही बोलती, व्याख्यायित करती तथा सुनती है। शरीर तो मृत्तिका है, पवन स्वर का कारण बनता है। तो बताओ, ऐ ज्ञानी, मरता क्या है ? वास्तव में बुद्धि, अहंकार तथा 'हउमै' मरते हैं, द्रष्टा कभी नहीं मरता।"[1]

बाईबल में कहा गया है कि ईश्वर ने मनुष्य की सृष्टि अपने ही प्रतिरूप में की है। यह कथन शरीर के लिए, जो कि मृत्तिका है, न होकर आत्मा के लिए है, जिसमें प्रभु की ज्योति विद्यमान है। "समस्त आत्माएँ ज्योतिर्मान हैं, और वह ज्योति ही ब्रह्म है। उसी की दीप्ति से सबको प्रकाश मिलता है।"[2] "वह सर्वव्यापक आत्मा में विद्यमान है, और आत्मा उसमें निहित है। इस बात का ज्ञान गुरु के आदेशों का पालन करने से ही सम्भव है। गुरु की अमृतमयी शिक्षाओं का परिचय मैंने 'शब्द' के माध्यम से प्राप्त किया है। मेरे दुःखों का अन्त हो गया तथा 'हउमै'-नाश हुआ। नानक कहते हैं कि 'हउमै' विकट रोग है। यह व्याधि सबमें व्याप्त है। ईश्वर स्वयं गुरु-'शबद' के माध्यम से इसका उपचार करता है।"[3]

"वह आत्माओं की आत्मा है। वह घट-घट वासी है। गुरु-कृपा से हृदय ज्योतित होता, तथा जीव सहज में ही शान्ति लाभ करता है।"[4]

उपरि-उद्धरित कतिपय पदों में एक प्रकार से मानव-जीवन का उद्देश्य इंगित है। 'हउमै' के दीर्घ रोग से पीड़ित आत्मा को स्वस्थ बनाना ही व्यक्ति का लक्ष्य है। 'हउमै' द्वारा प्रेरित व्यक्ति स्वार्थोन्मुख होता है; ऐसी क्रियाएँ वैयक्तिकता का पोषण करती तथा उसे सुदृढ़तर बनाती हैं। वैयक्तिकता मनुष्य में ममत्व-भावना अर्थात् सांसारिक पदार्थों पर अधिकार की सबल कामना सजग करती हैं; मनुष्य सोचता है कि इससे जीवन प्रसन्न होगा। अधिकार के लिए संघर्ष करते हुए, उसमें वासना, मोह, क्रोध और लोभ आदि उत्पन्न होते हैंऔर कालक्रमानुसार ये दुर्गुण दृढ़ बंधन बन जाते हैं। पीड़ा और अवसाद उसके अपने कर्मों का परिणाम है। "दूसरों को दोषी मत कहो, दोषी तो तुम्हारे कर्म हैं। हम अपने ही कर्मों का फल बीनते हैं, इसलिए दूसरों पर दोष मत लगाओ।"[5] "हमारे कर्मानुसार ही आदेश-पत्र तैयार होता है। कोई नियमविधान इसे बदल नहीं सकता। हम इसे यथोल्लिखित रूप में ही पढ़ते हैं, इसमें विक्षेप नहीं जोड़े जा सकते।"[6] "अपनी शक्ति द्वारा विश्व को सम्बल देने तथा प्रत्येक वस्तु को

---

१. गउड़ी ४ : ४।
२. धनासरी कीर्तन सोहिला ३ : ३।
३. भैरउ अष्ट ४ । ४.।
४. मलार अष्ट ७ : १।
५. आसा पट्टी २०।
६. आसा ४ : २ : ३६।

सार्थक करने वाली सत्ता ही मनुष्यों के लिए उनकी सामर्थ्यानुसार प्रदेय प्रस्तुत करती है, किन्तु इस देन का निर्णय व्यक्ति के कर्मों पर होता है।"[1]

राग मारू के अन्तर्गत एक पद में गुरु नानक ने हमारे कर्मों द्वारा उत्पन्न होने वाली पीड़ा का सुन्दर रूपकात्मक चित्र प्रस्तुत किया है। "मन कागज़ है, कर्म स्याही है, तथा अच्छे और बुरे लेख नित्य लिखे जा रहे हैं। हम ऐसे मार्ग पर अग्रसर हैं जहाँ हमारे पूर्वकर्म फलित होते हैं। हे प्रभु, तुम्हारी शक्ति असीम है। 'तुम क्यों उसे स्मरण नहीं करते, ऐ मूर्ख मनुष्य ! उसे विस्मृत करने से तुम्हारे सद्गुण भी गलित हो जाते हैं। रात्रि एक जाल है, दिवस उससे भी बड़ा जाल है, और बीतने वाले क्षण उसमें लगने वाली ग्रंथियाँ हैं; तुम सहर्ष उसके नीचे विछे दाने को चुगते एवं दिन-दिन उसमें अधिक फँसते जाते हो। अरे मूर्ख, किस गुण से तुम अपने को मुक्त करवाओगे। शरीर भट्टी है, मन उसमें तप्त हो रहा लोहा है तथा उसके गिर्द पाँच अग्नियाँ (पंच विकार) प्रज्वलित हैं। उस पर पापों का कोयला ढाला जा रहा है, मन जलता है तथा (उसे थामने के लिए) चिंता की संसी है। इस प्रकार जलकर मन लोहमल (कूड़ा-कचरा) वन गया है; किन्तु यदि अव भी तुम किसी सच्चे गुरु की शरण लो, तो वह पुनः स्वर्ण वन सकता है। वह तुम्हारे मुँह में नामामृत उँडेल देगा, जिससे शरीर की अग्नियाँ शान्त हो जायँगी।[2] सारतः, गुरु नानक कहते हैं कि मूल स्वीकृत तथ्य यह है कि चाहे कोई कुछ कहे, कैसा भी दावा करे, निर्णय हमारे कर्मों पर ही आश्रित होगा।"[3] मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है, परन्तु जीवन-पथ में परिवर्तन के लिए उसे ऐसे गुरु का पथ-प्रदर्शन अपेक्षित है, जिसने परमानन्द-प्राप्ति के मार्ग को पहले से तय किया हो।

## ४. गुरु

संसार के लगभग समस्त धर्मों ने गुरु की आवश्यकता पर बल दिया है; यद्यपि विभिन्न मतों में उसे पृथक्-पृथक् संज्ञा दी गई है। कुछ, उसे अपने इष्टदेव का अवतार मानते हैं। दूसरों के लिए वह बुद्ध (अनुभवी जीव), पैगम्बर अथवा ईश्वर-दूत है, तथा उनके द्वारा सम्मानित पुस्तकों को वही प्रस्तुत करता है। सिख शिक्षाओं के अनुसार ईश्वर अजन्मा है, अतः सिख गुरु ईश्वर के अवतार नहीं माने जाते। वे, अपने लिये, अनुभव द्वारा ज्ञान प्राप्त जीव के अतिरिक्त किसी विशेष पद का दावा नहीं करते—उन्होंने उस लक्ष्य को पाया है, जिसे सब खोजते हैं तथा उनमें अन्य गवेषकों के पथ-प्रदर्शन की सामर्थ्य

१. आसा पट्टी २२। २. राग मारू ४:३।
३. वार सारंग, श्लोक २, पउड़ी २।

भी है। अन्ततोगत्वा, गुरु के आदेशों का पालन करने वाला शिष्य भी आध्यात्मिक उन्नति के उसी शिखर पर पहुँचता एवं परमानन्द का भोग करता है, जो गुरु को उपलब्ध हुआ होता है। अन्तिम अवस्था में, जैसाकि गुरु रामदास कहते हैं "गुरु के आदेशों का पालन करने वाला सिख गुरु के साथ एकत्व स्थापित कर लेता है। फिर गुरु और शिष्य में कोई अन्तर महसूस नहीं होगा।"[१]

अतः, सिख से गुरु में पूर्ण विश्वास की आशा की जाती है। इस सिद्धान्त पर कोई आपत्ति कर सकता है और प्रश्न उठाया जा सकता है कि मनुष्य को गुरु के सम्मुख पूर्ण समर्पण की अपेक्षा अपनी विवेक-बुद्धि से क्यों नहीं चलना चाहिए? परन्तु क्या हमारे दैनिक जीवन में सभी कार्य तर्कपूर्ण होते हैं? आधुनिक मनोविज्ञान का अध्ययन इसे प्रतिकूल सिद्ध कर चुका है।

"मनुष्यों तथा उच्च श्रेणी के जन्तुओं के मानसिक धरातल के निर्माण में संस्कार रूप में उपलब्ध (जन्म-जात) प्रवृत्तियाँ अधिकांशतः बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान रखती हैं। इन मूल-प्रवृत्तियों से मन की वे विशिष्ट तथा जन्म-जात प्रकृतियाँ अभिप्रेत हैं, जो किसी एक जाति के सभी प्राणियों में समान होती हैं। ये सहज संवेदनाएँ ही हमारी समूची क्रियाशीलता का उद्देश्य निश्चित करती हैं तथा प्रेरणाशक्ति देती हैं जिससे सक्रियता बनी रहती है।"[२]

"इसकी (मन की) मूल क्रियाएँ अधिकतर अतार्किक तथा अचेतन होती हैं। चेतन-तर्क की शक्ति बाद की उपज है, जो सहज-वृत्तियों, संवेगों एवं इच्छाओं से बने मानसिक प्रासाद पर, अति सुविकसित मानव प्राणियों में भी, मात्र बाह्य रूप से सतही प्रभाव ही डालती हैं। अधिकांश दशाओं में तर्क-शक्ति का प्रत्यक्ष महत्त्व भ्रामक होता है और वह गहराई में स्थित सहज-वृत्तियों तथा इच्छाओं द्वारा प्रेरित कार्यों पर आवरण डाल देती है।"[३]

इस विश्लेषण से पता चलता है कि हमारे बहुत कम कार्य तर्क-संगत होते हैं। दूसरी ओर, तर्क तो हमारी सहज-वृत्तियों तथा इच्छाओं से प्रेरित कृत्यों का औचित्य सिद्ध करता है।" मन तो विकारों, कुप्रवृत्तियों एवं द्वंद्व के प्रभाव में है,"[४] ऐसा गुरु नानक का कथन है, साथ ही वे कहते हैं, "तर्क सद्गुण-दुर्गुण का दावा करने वाले मन के संकेतों पर चलता है।"[५] अतः, नवजीवन आरम्भ करने तथा पुरातन-चक्र से मुक्त होने के लिए मनुष्य को पथ-प्रदर्शक की आवश्यकता होती है। सत्य के गवेषक कहीं वेषधारियों से छले न जायँ, इसलिए

---

१. आसा छंत ८:७:६।
२. ए० जी० तांरले, दि न्यू साइकॉलोजी एण्ड इट्स रिलेशन टु लाइफ़, पृ० ३४।
३. वही, पृ० २४। ४. गउड़ी गुआरेसी १ : ३।
५. बिलावल अष्ट, ३:२।

गुरु नानक ने सद्गुरु के गुणों का निर्देश भी दिया है ।

## ५. गुरु के गुण (लक्षण)

"जो महत् अनुभव तुम्हें सत्य में स्थिर कर सके, अनिर्वचनीय की चर्चा करवाए तथा 'शबद' के माध्यम से तुम्हें परमात्मा में लीन करवा सके, उसे गुरु स्वीकार करो। ईश्वरीय जीवों का अन्य कोई अधिभोग नहीं। सच्चा स्वामी केवल सत्य से ही प्रेम करता है। जो व्यक्ति इस शरीर में रहते हुए अपने मन को सत्य में प्रतिपादित करते हैं, वे ईश्वर से प्रेम करने लगते तथा स्वयं सत्य का बिम्ब बन जाते हैं। जब मनुष्य किसी सच्चे गुरु से मिलता है, तो वह उसे प्रभु-चरणों में ले जाता एवं उसकी सेवा में प्रवृत्त करता है। अन्ततः, वह उसे ईश्वर में ही विलीन कर देता है।"[१] "सद्गुरु एक में सर्व तथा सर्व में एक देखता है एवं उसने मुझे भी ऐसा ही दिखाया है। जिस प्रभु ने लोकों और उपलोकों की रचना की है, वह अज्ञातव्य है। एक दीप ने दूसरे दीपक से ज्योति प्राप्त की और मैंने त्रिलोक में 'उसके' प्रकाश को व्याप्त देखा।"[२]

गुरु नानक नहीं चाहते कि उनका शिष्य गुरु में अन्ध-विश्वास रखे। वे तो उसे व्यापार से पूर्व, अपनी सूझ-बूझ से सामग्री की सर्वांग जाँच कर लेने का आदेश देते हैं। "ऐ मृगाक्षी, इस गहन तथा महत्त्वपूर्ण वचन को स्मरण रख, कि व्यापार से पूर्व सामग्री की सर्वांगीण पहचान अनिवार्य है।"[३] धार्मिक जीवन एक अनुभव है। जब तक व्यक्ति गुरु की शिक्षाओं का अभ्यास न करे, वह गुरु का महत्त्व नहीं जान सकता। "जिसने गुरु-निर्दिष्ट मार्ग का अभ्यास किया, वह व्यापार में लाभ उठाकर घर लौटा। गुरु-शब्दों से उसने उस विश्वात्मा को जान लिया जो सामान्यतः वचनातीत है।"[४] गुरु मनुष्य को ईश्वर के सदन तक ले जाने वाला निर्देशक है। "प्रभु स्वयं एक अति सुन्दर प्रासाद है, जिसमें माणिक, लाल, मुक्ता, जवाहर तथा हीरे भरे हैं और जो कंचन-निर्मित होने से मनोहारी है। परन्तु सीढ़ी के बिना उस दुर्ग पर क्यों कर चढ़ा जाय? तुम गुरु के सहयोग एवं हरि में मन लीन करके उस अपूर्व सौंदर्य को देख सकते हो। वहाँ के लिए गुरु ही सीढ़ी है। गुरु ही नाव तथा हरि-नाम से भरा व्यापारिक-बेड़ा है। संसार-सागर से पार होने के लिए गुरु ही संतरण है। इस चिर-स्रवित नदी के तट पर वही एकमात्र पावन तीर्थ है। जब उसकी (प्रभु की) अनुज्ञा होती हैं, आत्मा उस तीर्थ में स्नान करती एवं पावनता लाभ करती है।"[५]

---

१. धनासरी अष्ट. ३:२।  २. रामकली दखणी ३:८।
३. श्लोक वारां ते वधीक, श्लोक २।  ४. सूही अष्ट. ७:१:३।
५. सिरी राग २-३:६।

"गुरु उपकारक है, पूर्ण शान्ति उसमें निहित है । वह त्रैलोक्य में उजाला करने वाला प्रकाश-पुंज है । गुरु से प्यार करने वाला व्यक्ति चिर-शान्ति प्राप्त करता है ।"[१] "सच्चे गुरु से साक्षात् होने पर व्यक्ति सत्यानुशासित जीवन अपनाता है । गुरु रूपी सोपान पर चढ़ते हुए मनुष्य ऊँचे से ऊँचा उठता है । परन्तु गुरु की उपलब्धि मात्र उसकी (प्रभु की) कृपा से ही सम्भव है, और उसके मिलन से मृत्यु-भय विनष्ट हो जाता है ।"

## ६. सब के लिए एकमात्र मार्ग

गुरु नानक के उदय-काल में हिन्दुओं का विश्वास था कि विभिन्न वर्णों के धर्म भी भिन्न हैं । मुसलमान हिन्दुओं को काफ़िर समझते थे और पैगम्बर मुहम्मद पर विश्वास न करने वाले के नरक-गामी होने का दावा करते थे । गुरु नानक ने स्वीकार किया "कि धर्म केवल एक ही है, कोई भी सत्य का अभ्यास कर सकता है । प्रत्येक युग में परम-स्थिति की प्राप्ति गुरु की इन शिक्षाओं से 'कि निरन्तर प्रवाहमान तथा चिर-स्थायी शब्द की साधना करने वाला प्रभु-प्रेरित व्यक्ति ही अज्ञातव्य और परम को प्राप्त करता है',[२] ही सम्भव हो पाती है । सम्प्रदाय-विशेष का स्वरूप मात्र स्वीकार कर लेना अथवा किसी मत के स्मृति-चिन्हों को धारण करना बेकार है ।" जब कोई हिन्दू हिन्दू-समाज में प्रवेश पाता है, वे उसके गले में सूत का धागा पहनाते हैं । अधिष्ठापन के पश्चात् भी यदि वह दुष्कर्म करता है, तो उसके तीर्थ और प्रक्षालन किसी काम नहीं आएंगे । मुसलमान अपने सम्प्रदाय की प्रशंसा करता है तथ उसकी मान्यता है कि पैगम्बर मुहम्मद में विश्वास बनाए बिना किसी भी व्यि को स्थान (उसके दरबार में) नहीं मिलता । किन्तु बहुत कम लोग पैगम्बर द्वारा निर्दिष्ट मार्ग का आचरण करते हैं । बिना उत्तम कर्मों के कोई बहि (स्वर्ग) में नहीं जा सकेगा । जोगियों की पद्धति में जो मार्ग निर्दिष्ट है, उस प्रतीक रूप में वे कानों में मुद्राएँ पहनते हैं । कानों में मुद्राएँ पहनकर वह स्थान-स्थान पर भटकना शुरु कर देता है । (वह भूलता है) कि स्रष्टा तो यहाँ, वहाँ सब जगह विद्यमान है । सब मनुष्य पथिक हैं, परमादेश मिलते ही वे अविलम्ब चल पड़ेंगे । जो व्यक्ति यहीं उसकी जानकारी प्राप्त कर लेता है, वही मृत्यु-परांत भी उसे जानता है । शेष, हिन्दू अथवा मुसलमान होने की डींगें मारना व्यर्थ है । उसके सम्मुख तो सबको हिसाब चुकाना ही होगा । उत्तम सत्कर्मों के बिना कोई मुक्ति नहीं पा सकेगा । कोई विरल जीव ही सत्यों में परम-सत्य की चर्चा करता है । इसके पश्चात्, गुरु नानक कहते हैं, उससे कोई प्रश्न पूछना

---

१. वार माझ, श्लोक १, पउड़ी १ ।  २. बसन्त अष्ट, ४ : ३ ।

शेष नहीं रह जाता।"[१]

गुरु नानक सम्प्रदायों, वर्णों, जातियों अथवा देशों के आश्रय मनुष्यों का वर्गीकरण नहीं करते। उनके मतानुसार मनुष्य दो प्रकार के हैं—गुरुमुख (ईश्वरोन्मुख) तथा मनमुख (अहमन्य)। पूर्व-कथित प्रकार के जीव भगवान् की ओर उन्मुख रहते, सत्य का अभ्यास करते तथा समूची मानवता के लाभार्थ कार्य करते हैं। उत्तर-कथित जीव अपने ही मन की सनक का अनुसरण करते तथा छल, क्रूरता, मिथ्यात्व एवं स्वार्थ का व्यवहार करते हैं। मनुष्य अपने को कुछ भी समझे, किन्तु यदि उसे मानव-जीवन के दुःखों और कष्टों से छुटकारा पाना है, तो उसी निश्चित पथ पर कदम बढ़ाना होगा। यह नियन्त्रण सबके लिए समान है।

"मार्ग की जानकारी होना तथा गुरु-कृपा से ईश्वर-लब्धि ही सच्चे योगी के गुण हैं। अपने को अन्तर्मुखी करने तथा गुरु-कृपा से वर्तमान जीवन में 'स्व' को मारने वाला व्यक्ति काजी है। ब्रह्म का चिन्तन करने वाला ही ब्राह्मण है। वह अपनी तथा अपनी कई पीढ़ियों की सुरक्षा करता है। अपने हृदय को पवित्र करने वाला जीव ही ज्ञानी है। अपावनता का विनाशक ही मुसलमान है। शास्त्रों को पढ़कर अभ्यास में लाने वाला व्यक्ति ही उसे स्वीकार्य होता है, और वही उसके दरबार का पद-चिह्न शिरोधार्य करता है।"[२]

"जो ब्रह्म को पहचाने, उसके लिए जप, तप एवं संयम का अभ्यास करे तथा संतोष और सद्भाव पर दृढ़ आचरण करे, वही ब्राह्मण है। वह सब बंधनों को भंग करता तथा मुक्ति-लाभ करता है। ऐसा ब्राह्मण पूजने-योग्य है।"[३] "खत्री वीरता के कर्म करता तथा उदारता और सद्भावना का मूर्त्त रूप होता है। दान देते हुए वह पात्र की योग्यता की जाँच करता है। ऐसा खत्री उस (ईश्वर) के दरबार में स्वीकार्य है। किन्तु यदि वह लोभ और लोलुपता से मिथ्या व्यवहार करता है, तो उसे अपने दुष्कर्मों का दण्ड भुगतना पड़ेगा।"[४]

"मुसलमान कहलवाना कठिन है, परन्तु यदि कोई सचमुच मुसलमान है, तो उसे ऐसा कहलवाने का अधिकार है। इसके लिए पहली शर्त धर्म-प्रेम है, फिर सम्पत्ति का त्याग कर हृदय को (पापों के) धब्बों से निर्मल करना अपेक्षित है। जब व्यक्ति मुसलमान बनता तथा धर्म को अपना (जीवन-नौका का) कर्णधार स्वीकार करता है, तो उसे अपने जीवन-मरण की चिन्ता त्याग देनी चाहिए। उसे ईश्वरेच्छा के सम्मुख नतमस्तक होना, स्रष्टा का आज्ञा-पालन करना तथा आत्म-प्रेम अपेक्षित है। जब वह सब जीव-धारियों पर दया करना

१. वार रामकली, श्लोक २, पउड़ी ११.।
२. धनासरी ४ : ५ : ७।
३. श्लोक वारां ते वधीक १६।
४. श्लोक वारां ते वधीक १७।

सीखता है, तभी मुसलमान कहलवा सकता है।"[1]

जैसे पेड़ की पहचान उसपर उपजने वाले फल से होती है, वैसे ही मनुष्य का धर्म उसके कर्मों से जाना जाता है। ऐसे परिधान, चिह्न, आकार, अनुष्ठान, धर्मविधियाँ तथा रीति-रिवाज, जो उत्तम कर्मों की प्रेरणा न दें, मनुष्य को आध्यात्मिक उन्नति के पथ पर दूर तक ले जाने में पूर्णतः असमर्थ हैं। वास्तविक समस्या मन को अनैतिक प्रवृत्तियों से मुक्त करने की है। यदि वह लक्ष्य पूर्ण न हुआ, तो हमारा सब जप-तप व्यर्थ है।

"कुछ लोग जंगलों में रहते तथा कंद-मूल पर निर्वाह करते हैं। कुछ भगवा धारण कर इधर-उधर भ्रमते तथा योगी-संन्यासी कहलाते हैं। वे प्रायः अन्तर से तृष्णावान् होते हैं तथा भोजन-वस्त्र की चिन्ता में समय नष्ट करते हैं—न वे गृहस्थी रहते हैं, न पूर्णतः उदासीन ही बन पाते हैं। वे तीन गुणों से उपजने वाली कामनाओं तथा मृत्यु से बच नहीं पाते। गुरु के आदेशों का पालन करने वालों तक यम की कोई पहुँच नहीं। वह (यम) उनके दासों का भी दास बना रहता है। सच्चे 'शबद' पर विश्वास रखते तथा हृदय में सत्यता लिए हुए वे गृहस्थ में रहकर भी विरक्ति का अभ्यास करते हैं। नानक कहते हैं, जो गुरु की सेवा में आता है, वह सब कामनाओं से मुक्त हो जाता है।"[2]

"वे दूसरों में त्याग-भावना का प्रचार करते हैं, परन्तु अपने मठ स्थापित करते हैं। अपना आवास छोड़कर वे सत्य को क्योंकर पा सकते हैं? उनमें ममता तथा स्त्री-आकर्षण तो बना ही रहता है। वे न तो अवधूत बन पाते हैं, न गृहस्थी ही रहते हैं। ऐ योगी! भ्रम के दुःखों को दूर करने हेतु अपने ठिकाने पर स्थिर रहो। क्या द्वार-द्वार पर भिक्षा माँगने में तुम्हें लाज नहीं लगती? तुम स्तोत्र गाते हो, किन्तु अपने को भी नहीं पहचानते। इस पर तुम्हारे कष्टों का अन्त कैसे हो? भिक्षा-वृत्ति से प्राप्त भोजन की अपेक्षा यदि तुम प्रेम-भरे हृदय से 'गुरु-शबद' में विश्वास जगाओ, तो तुम्हें उच्चतम विचारों का भोजन प्राप्त होगा। जो भस्म लगाते और फिर भी पाखण्ड करते हैं, उन्हें माया से बंधे होने के कारण यम-दण्ड सहना ही पड़ेगा। टूटे हुए प्याले (विभ्रान्त हृदय) में प्रेम का उपहार रह ही नहीं सकता। कर्मों से बँधकर तुम्हें सदैव आना-जाना पड़ेगा। तुम यति कहलवाते हो, फिर भी संयम नहीं रखते। भिक्षा माँगते हुए स्त्रियों को माई अर्थात् 'माता' कहते हो, परन्तु तुम्हारी आँखों में वासना भरी रहती है। ऐसे लोग क्रूर हैं, उनमें परम-ज्योति की दीप्ति विद्यमान नहीं। वे सिर से पाँव तक सांसारिक बंधनों में फंसे हैं। वे अपने वर्ग का परिधान—कफ़नी—पहनते और अभिनेता की भान्ति मिथ्या अभिनया-

---

१. वार माझ श्लोक १, पउड़ी ८। २. वार माझ पउड़ी ५।

चरण करते हैं। उनके अन्तर में कामना की अग्नि जल रही है; अतः, सत्कर्मों के अभाव में उनका मोक्ष किस प्रकार सम्भव हो सकता है ? वे कानों में काँच की मुद्राएँ पहनते हैं, किन्तु यथार्थ ज्ञान के बिना मुक्ति कहाँ ! उनकी जिह्वा स्वादिष्ट भोजन के लोभ में पड़ी है। वे पशु बन गए हैं और पशुता का त्याग नहीं कर सकते। संसार के सब लोग तथा योगी भी, तीन गुणों के प्रभाव में हैं। 'शब्द' के प्रतिपादन से ही शोक का अन्त सम्भव है। जो जीव सच्चे 'शबद' द्वारा अपने को पवित्र बनाता है, वही वास्तविक योग का जानकार है। हे ईश्वर, नौ निधियों पर तुम्हारा अधिकार है, तुममें निर्माण और विनाश की शक्तियाँ निहित हैं। जो तुम्हारी इच्छा होती है, वही होता है। हृदय में जब सत्य का वास होता है, तब ब्रह्मचर्य, सद्भाव तथा आत्म-संयम अपने-आप उदित होते हैं। नानक कहते हैं, ऐसा योगी तीनों लोकों का हितैषी होता है।"[१]

"हम तीर्थों पर जाकर निवास करें, अथवा मौन साधना या जप, तप, संयम, सद्भावना तथा अन्य उत्तम कर्मों का अभ्यास करें, परन्तु परमसत्य से (प्रेम के) अभाव में ये सब व्यर्थ हैं। जो कुछ मनुष्य बीजता है वही वह काटता हैं; सद्गुणों की प्राप्ति के बिना जीवन निरर्थक है। ऐ साधक ! केवल वही (आत्मा) शान्ति-लाभ करती है, जो सद्गुणों से युक्त है। जो अपने दुर्गुणों का त्याग कर स्वयं को उसमें (प्रभु में) लीन कर लेती है, वही गुरु की परम शिष्या है।"[२]

आध्यात्मिक जीवन का आधार नैतिक आचरण है। हृदय से पवित्र जीव ही ईश्वर को पाएगा। "सत्य पवित्र पात्र (हृदय) में ही स्थिर रहता है, किन्तु शुद्ध आचरण अपनाने वाले व्यक्ति बहुत कम होते हैं। मेरी हृत्तन्त्री के तार अब उस परम-तन्त्री (दिव्य यथार्थता) के साथ स्वरैक्य स्थापित कर चुके हैं। नानक को प्रभु की शरण प्राप्त हो गई है।"[3] "अधमता का त्याग कर सद्गुणों का अनुसरण करो; जो लोग पाप करते हैं, उन्हें अन्ततः पछताना होगा। जो लोग उचित और अनुचित अवसर में भेद नहीं कर सकते, वे पुनः-पुनः (पापों के) कीचड़ में मलिन होते हैं। अपने भीतर लोभ की धूल तथा जिह्वा पर मिथ्या भाषण रखकर, शरीर के प्रक्षालन का क्या लाभ ? गुरु की सहायता से पवित्र नाम का स्मरण करो, केवल तभी तुम्हारा अन्तर्मन शुद्ध हो सकेगा। लोलुपता छोड़, निंदा तथा मिथ्यावाद का निराकरण करो; तब गुरु-शिक्षाओं से तुम्हारा कल्याण सम्भव होगा। हे प्रभो, जैसा तुम्हें सुहाए, मुझे वैसा ही रखो; तुम्हारा दास, नानक, तुम्हारे नाम की महिमा का सदैव गान करता रहेगा।"[४]

---

१. रामकली अष्टपदी २।
२. सिरी राग, अष्ट १ : ६।
३. सोरठ ५ : ६।
४. सोरठ ४ : ६।

निर्विकार भाव से प्रभु का स्मरण करने से हृदय पवित्र होता है। "जब हमारे खाद्य, हाथ, शरीर अथवा कोई अन्य भाग मलिन हो जाते हैं, तो जल से धोकर उनकी धूल साफ़ कर ली जाती है। जब कपड़े मल से अपवित्र हो जाते हैं, तो उन्हें साबुन से धोकर शुद्ध कर लिया जाता है। इसी प्रकार, जब हमारी मति पापों से भ्रष्ट हो जाती है, तो उसे नाम के प्यार से धोया जा सकता है।"[1] "अपने हृदय की शिला पर मैं नाम का चन्दन रगड़ूँगा। उसे सत्कर्मों के केशर में मिश्रित कर मैं मन में तुम्हारी आराधना करूँगा। 'नाम' का ध्यान और मनन करने से ही भक्ति होती है, उसके बिना भक्ति का कोई स्थान नहीं। बाहर के देवी-देवताओं को स्नान करवाने का कोई लाभ नहीं, अपने अन्तर्मन को धोओ। आत्मा को सर्व-मलिनता से स्वच्छ करने से ही तुम्हें मोक्ष-मार्ग की प्राप्ति होगी।"[2]

सम्प्रदाय के सूत्रों तथा चिह्नों का महत्त्व तभी होता है, जब हम उनमें निहित अर्थ को समझते हैं। "जब तक उनमें अर्थ सजग है, वे न केवल लाभ-प्रद हैं, बल्कि सार्थक और जीवन-दायी भी हैं। जब हम यह विचारते हैं कि इनमें (सूत्रों-चिह्नों आदि में) कोई भौतिक और चमत्कारक गुण भी है, तब परिणामतः हम ईश्वर से दूर हटते तथा लगभग नास्तिक बनते जाते हैं।"[3] एक हिन्दू चुंगी मुहरर की भर्त्सना करते हुए गुरु नानक कहते हैं कि वह हिन्दू धार्मिक-चिह्नों को धारण करता है, किन्तु उसका आचरण उनके वास्तविक अभिप्राय से बिल्कुल विपरीत है। उसने चुंगी-कर चुकाए बिना एक ब्राह्मण तथा उसकी गाय को पार नहीं जाने दिया था, और फिर उसी गाय के गोबर से उसने अपनी रसोई में लिपाई की थी, एवं उस स्थान को पवित्र मानकर वहाँ भोजन बनाने लगा था।

"तुम गो-ब्राह्मण पर तो कर लगाते हो, गोबर तो तुम्हें पार नही पहुँचा सकता। तुम धोती, माला और तिलक का परिधान बनाते हो, परन्तु म्लेच्छों का अन्न खाते हो। घर में तुम पूजा (हिन्दू ढंग की साधना) करते हो, और बाहर तुर्कों की धर्म-पुस्तकें पढ़ते तथा उन्हीं सरीखा आचरण करते हो। यह पाखण्ड छोड़ दो! केवल नाम-स्मरण से ही तुम्हारी रक्षा होगी। उधर मानव-भक्षी नमाज़ पढ़ते हैं। इधर जो उनके लिए छुरी चलाते हैं, वे जनेऊ पहनते हैं तथा ब्राह्मण उनके यहाँ भोजन पाते हैं। वे भी इसपर प्रसन्न हैं। उनकी पूंजी तथा व्यापार दोनों मिथ्या हैं, और मिथ्या वचनों से ही वे भोजन प्राप्त करते हैं। शील-धर्म उनके आवास से दूर हैं; नानक कहते हैं, "सब ओर मिथ्यात्व

---

१. जपुजी २० पउड़ी। २. राग गूजरी २ : १।

३. फ्रॉउड : शॉर्ट स्टडीज़, भाग १, पृ० ६०।

लक्ष्य पा लिया हो, वह भिक्षाटन को क्यों जायगा !"[१]

हम अपने प्रिय को स्मरण करते हैं। स्मृति प्रेम को बनाती और बढ़ाती है। इसीलिए गुरु नानक का संदेश है कि निरन्तर ईश्वर का स्मरण हमारे मन में प्रभु-प्रेम जागृत करता तथा आन्तरिक मलिनता का नाश करता है। अतः कहा जा सकता है कि हमारे सब कष्टों का एकमात्र उपचार 'नाम-स्मरण' ही है। यदि व्यक्ति नाम की भूख अनुभव करे, तो उसके सांसारिक दुःख ही उसको भोजन बनकर सन्तोष देते हैं।"[२]

जब संसार को माया अथवा प्रकृति का सृजन माना जाने लगा, तथा लोगों को माया या प्रकृति के फंदों से मुक्त होने की शिक्षा दी गई, तब स्वभावतः ही आध्यात्मिक उन्नति के लिए उत्सुक लोगों ने सांसारिक क्रिया-कलाप का त्याग कर दिया और जंगलों अथवा पर्वतीय गुफ़ाओं में जाकर रहने लगे। गुरु नानक इससे सहमत नहीं थे। उनके मतानुसार मनुष्य सांसारिक कर्म करते हुए भी आध्यात्मिक उन्नति कर सकता है। "सत्य का चिन्तन करने से ज्योति का उदय होता है, तब ऐन्द्रिय सुखों के बीच भी मनुष्य विरक्त बना रहता है। गुरु की यही महिमा है कि उसकी शरण में आया जीव स्त्री-पुत्रों संग रहता हुआ भी मोक्ष लाभ करता है।"[३]

लोहारीपा ने, जो गोरखनाथ का शिष्य कहलाता था, गुरु नानक को योगी बनकर उन्हीं की जीवनचर्या अपना लेने का सुझाव दिया।

"हाट-बाट से दूर संन्यासी जंगल में झाड़ियों और पेड़ों में रहता है। भोजनार्थ वह कंद-मूल का सेवन करता तथा ज्ञान-चर्चा में मग्न रहता है। तीर्थों पर स्नान करने से उसे मानसिक शान्ति मिलती तथा मन निर्मल होता है। गोरख का शिष्य लोहारीपा कहता है कि यही योग-मार्ग है।"[४] गुरु नानक ने उत्तर दिया, "हाट-बाट में मनुष्य को सावधान रहना चाहिए तथा अपने मन को पर-स्त्री की ओर आकर्षित नहीं होने देना चाहिए। नाम के आधार के बिना मन को कोई सम्बल प्राप्त नहीं और न ही उसकी भूख (सांसारिक वस्तुओं की) शान्त होती है। गुरु ने मुझे वह दुकान, तथा घर दिखाया है, जहाँ मैं शान्ति-पूर्वक सत्य का व्यापार करता हूँ। नानक कहते हैं, मेरी निद्रा (प्रमाद की) टूट चुकी है और अब मैं अल्पाहार तथा तत्त्व-विचार का प्रतिपादन करता हूँ।"[५]

उन्होंने अपने शिष्यों को भिक्षाटन की नहीं, बल्कि परिश्रम से अर्जन करने एवं दरिद्रों को दान में कुछ देने की सम्मति दी है। नानक कहते हैं, "जो अपना

---

१. वार रामकली श्लोक ७, पउड़ी १२।
२. रहिरास १ : ३।
३. धनासरी राग २ : २ : ४।
४. रामकली सि० गोष्ठी, पउड़ी ७।
५. रामकली सि० गोष्ठी, पउड़ी ८।

जीविकोपार्जन स्वयं करता तथा दूसरों को भी बाँटकर देता है, वही वास्तविक पथ को पहचानता है।"[१]

'गुरु नानक की शिक्षाओं' पर लिखे इस लेख को, मैं गुरु नानक के ही शब्दों 'आदर्श पुरुष' की व्याख्या प्रस्तुत करते हुए, समाप्त करता हूँ :

ऐसे जन विरले जग अंदरि परखि खजाने पाइआ।
जाति वरन ते भए अतीता ममता लोभु चुकाइआ।
नामि रते तीरथ से निरमल दुखु हउमै मैलु चुकाइआ।
नानकु तिन के चरन पखालै जिन गुरमुखि साचा भाइया॥[२] ८ : ७।

---

१. वार सारंग, श्लोक १, पउड़ी २२।
२. प्रभाती अष्टपदी ८ : ७।

(इस जगत में कोई-कोई ही ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी सर्वाङ्गीण जांच करके ईश्वर ने उन्हें अपने मुक्त-कोष में संग्रह कर लिया है।

उन्होंने जाति-वर्ण के बन्धनों से मुक्ति पा ली है, तथा लोभ और ममता का त्याग कर दिया है।

'नाम' में आसक्त होने से वे निर्मल तीर्थ के समान बन गए हैं और उनमें से दुःख तथा अहंकार की मलिनता का अन्त हो गया होता है।

नानक ऐसे गुरमुख सन्तों के चरण धोता है, जिनके हृदय में परम-सत्य निवसित है।)